
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# मानसून की शुरूआती बरसात से अब सड़कें देनें लगी है जवाब

**जिम्मेदार कौन**

## सीमांत तहसील मुंसयारी की आंतरिक सड़कें बयां कर रही बदत्तर तस्वीर

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**



पिथौरागढ़। सीमांत तहसील मुंसयारी को जोड़ने वाले थल मुंसयारी और जौलजीवी मुंसयारी मार्ग हल्की बारिश में अब जवाब देने लग गई है। बता दें कि हालत ऐसी है कि सीमांत में सड़कें बंद हो जाने के कारण तीनों तहसीलें व उच्च हिमालयी जोहार घाटी अलग थलग पड़ जानी की स्थितियां सामनें आ रही है। हालात यह है कि थल मुंसयारी और जौलजीवी मुंसयारी मार्ग वर्तमान में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर खतरनाक हो चुका है। बता दें कि थल मुंसयारी और जौलजीवी मुंसयारी मार्ग सीमांत मुंसयारी की लाइफ लाइन है।

जानकारी के मुताबिक लोक निमार्ण विभाग द्वारा थल मुंसयारी मार्ग का करीबन बहतर किमी संचालित करता है। वही जौलजीवी मुंसयारी मार्ग का छियासठ किमी लंबा संचालन बीआरों के द्वारा किया जाता है। दूसरी ओर वर्तमान में मुंसयारी मार्ग पर नाचनी के पास नया बस्ती , हरडिया , रातीगाड बदत्तर हालात में पहुंच चुके है। हरडिया के पास वर्तमान में पुल का निमार्ण होना बाकी है। भारी बरसात के दौरान कक्कड़ सिंह बैड ,गिनी बैड,वनिक , रातापानी , कालामुनि , बिटलीधार के बीच मुंसयारी के निकट नया बस्ती के पास सबसे ज्यादा सड़कें बंद होती है। जौलजीबी मदकोट मुंसयारी मार्ग पर बरम से आगे लुम्ती , मौरी,छोरीबगड, धिंघरानी, फगुबवाबगड,भदेली कैथी बैंड दरकोट वर्तमान में अभी भी खासे संवेदनशील हो चुके है। वर्तमान में तेजम और बंगापानी से लेकर चीन सीमा से लगे उच्च हिमालयी मल्ला जौहार के अंतिम गांव मिलम मतक सीमांत के गग्रमीणों व सेना व आईटीबीपी , बीआरों के लिए सामान की पूर्ति इन खतरनाक हो चुके मार्गो से होती है। रोड के बंद होने पर तमाम भारी वाहन थल मुंसयारी मार्ग से चलते है तो सबसे ज्यादा खतरा इन सड़कों पर मंडरा रहा है।

सड़कों के भारी बरसात होने पर सड़कें सीमांत की बंद होनें पर सीमांत की लाइफ लाइन पूरी तरह प्रभावित हो जाती है। मानसून काल में शुरूआती बारिश के चलते सीमांत की आंतरिक सड़कें खासतौर पर ऐसी परिस्थिति में बद से बदत्तर तस्वीर बयां कर रही है। इस बारे में जिलाधिकारी डांक्टर आनंद स्वरूप ने कहा कि संबिधित महकमों को मानसून काल में लंबे समय तक मार्ग बंद नही रखनें के सख्त निर्देश दे दिये गये है। वही विभागों के साथ स्थानीय क्षेत्रों के तहसीलदारों को सतर्क रहने के निर्देश भी दिये गये है।

## न्यूज डायरी

### पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही पलायन भी रोकें सीएम धामी: राकेश टिकैत

**संवाददाता** ऊधमसिंह नगर। किसान नेता राकेश टिकैत ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को प्रदेश में पर्यटन और पलायन पर मजबूती से काम करने की सलाह दी। कहा कि पहाड़ में पलायन लगातार जारी है। पर्यटन के विकास पर सीएम को काम करना चाहिये। पहाड़ के किसानों को योजनाओं का लाभ देते हुये मंडी तक ट्रांसपोर्ट की सुविधा मिलनी चाहिए। गुरुवार को किसान नेता राकेश टिकैत ग्राम लालपुर में किसान नेता सुखचौन सिंह की मौत पर परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंचे थे। पत्रकार वार्ता में किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार ने जनहित में कोई काम नहीं किए हैं। पर्वतीय क्षेत्रों का किसान दुखी है, किसानों के पास अपने उत्पाद को मंडी तक पहुंचाने की कोई सुविधा नहीं है।

### अपने आलीशान कार्यालय के लिए भाजपा ने बदल डाला लैंड यूज

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी की प्रदेश प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने धामी कैबिनेट के उस फैसले पर सवाल खड़े किए जिसके तहत राष्ट्रीय दलों को भवन निर्माण में कथित छूट दी गई थी। उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी की प्रदेश प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने कहा कि भाजपा ने पूर्व में नियमों को ताक पर रखकर राजधानी में अपने मुख्यालय का शिलान्यास किया था। सत्ता के दुरुपयोग के उस कार्य पर पर्दा डालने के लिए अब कैबिनेट का सहारा लिया गया है। गौरतलब है कि बीते रोज मंत्रिमंडल की बैठक में देहरादून महायोजना–2025 के जोनल प्लान के तहत सरकारी भवनों के भवन निर्माण के लिये भूमि पर छूट का प्रावधान सभी राष्ट्रीय दलों पर भी लागू करने का निर्णय लिया था।

### ऋतु परिवर्तन के साथ–साथ किसानों और पर्यावरण से भी जुड़ा है हरेला

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में हर ऋतु अपने साथ एक त्योहार भी लेकर आती है। श्रावण मास में पड़ने वाला ऐसा ही एक त्योहार है हरेला जो कि उत्तराखंड के कुमाऊँ क्षेत्र का लोकप्रिय त्योहार है। यह त्योहार ऋतु परिवर्तन के साथ–साथ किसानों और पर्यावरण से भी जुड़ा हुआ है। हरेला पर्व उत्तराखंड के कुमाऊँ क्षेत्र का सुप्रसिद्ध और लोकप्रिय त्योहार है। हरेला पर्व से 10 दिन पहले घरों में थाली, मिट्टी व रिंगाल से बनी टोकरी में 7 प्रकार का अनाज बोया जाता है, जिसमें प्रत्येक दिन जल चढ़ाकर इसकी पूजा–अर्चना की जाती है और भगवान से परिवार में सुख, समृद्धि और शांति बनाए रखने की प्रार्थना की जाती है। मान्यता है कि जिसका हरेला जितना बड़ा होगा उसे कृषि में उतना ही लाभ होगा इसलिए इस दौरान किसान अपनी फसल की पैदावार का अनुमान भी लगाते हैं।

### न्यायालय ने फर्जी बाबा को तीन दिन की पुलिस कस्टडी पर भेजा

**संवाददाता** ऋषिकेश। स्वर्ण व्यापारी की पत्नी से उपचार के नाम पर लाखों रुपये की नगदी और जेवर ठगी के आरोप में गिरफ्तार फर्जी बाबा योगी प्रियव्रत अनिवेश उर्फ महेंद्र उर्फ रोबिन खलीफा को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश जारी किए हैं। पुलिस अब फर्जी बाबा की निशानदेही पर व्यापारी से ठगे गए जेवर और नगदी की बरामदगी करेगी।

ऋषिकेश के स्वर्ण व्यापारी की पत्नी को उपचार के नाम पर लाखों रुपये के जेवर और नगदी ठगने वाले फर्जी बाबा योगी प्रियव्रत अनिवेश निवासी आजाद नगर पानीपत हरियाणा को बीते 11 जुलाई को गिरफ्तार किया था। न्यायालय ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। इस मामले में ऋषिकेश कोतवाली पुलिस की ओर से न्यायालय में फर्जी बाबा की पुलिस कस्टडी रिमांड के लिए आवेदन किया था। जिस पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ऋषिकेश मनमोहन सिंह के न्यायालय में गुरुवार को सुनवाई हुई।


**कार्यालय सहायक अभियन्ता (द्वितीय), ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड देहरादून।**

पत्र संख्या: 47 / ग्रा0नि0वि0 / निविदा–सूचना / 2021–22 दिनांक: 12 / 07 / 2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उत्तराखण्ड राज्यपाल महोदय द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उत्तराखण्ड प्रोक्योमैन्ट रूल के परिपालन में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य की सीलबन्द निविदा दिनांक 27 / 07 / 2021 को अपरान्ह 03:00 बजे तक ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड कार्यालय देहरादून में पंजीकृत ठेकेदारों से आंमत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में निविदा खोलने की तिथि से एक दिन पूर्व सायं 4:00 बज तक निर्धारित शुल्क जमा करा कर प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | विभाग/योजना का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जीएसटी कर अतिरिक्त | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार हेतु श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विधानसभा ऋषिकेश के अन्तर्गत गुरूद्वारा सिंह सभा ऋषिकेश में चाहरदीवारी एवं फर्श निर्माण। | समाज कल्याण (अल्पसंख्यक) | 20000.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 04 माह | डी एवं उच्च |
| 2 | कृषि निवेश केन्द्र रायवाला विकासखण्ड डोईवाला के भवन मरम्मत कार्य। | कृषि विभाग | 15000.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 04 माह | डी एवं उच्च |
| 3 | पशुलोक प्रक्षेत्र ऋषिकेश के प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में छात्र / छात्राओं के छात्रावास में रंगाई पुताई व छत का मरम्मत कार्य। | पशुपालन (भेड एवं ऊन) | 20000.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 04 माह | डी एवं उच्च |

निविदा की शर्तें

निविदा से सम्बन्धित शेष शर्ते की जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**सहायक अभियन्ता (द्वितीय)**
**ग्रामीण निर्माण विभाग,**
**प्रखण्ड देहरादून।**


# आम आदमी पार्टी कार्यकर्त्ताओं ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला

**संवाददाता** ऋषिकेश। प्रदेश में मुफ्त बिजली को लेकर भाजपा प्रवक्ता की टिप्पणी पर गुस्साए आम आदमी पार्टी कार्यकर्त्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर भाजपा सरकार का पुतला फूंका। उत्तराखंड में प्रदेशवासियों को मुफ्त बिजली देने को लेकर इन दिनों सियासत तेज हैं। इस बीच भाजपा प्रवक्ता के आपत्तिजनक बयान से आप कार्यकर्त्ताओं का आक्रोश भड़क गया।



गुरुवार को आम आदमी पार्टी कार्यकर्त्ताओं ने ऋषिकेश में विरोध प्रदर्शन किया। इन्द्रमणि बडोनी चौक पर आप कार्यकर्त्ताओं ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए संगठन मंत्री दिनेश असवाल ने कहा कि भाजपा प्रवक्ता ने फ्री बिजली को लेकर जिस तरह आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया है उसे सहन नहीं किया जा सकता। जिला मीडिया प्रभारी डा. राजे सिंह नेगी ने इस मुद्दे पर तीखा विरोध जताते हुए कहा कि इस बयान से भाजपा की उत्तराखंड और यहां के निवासियों के प्रति सोच स्पष्ट होती है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनता आगामी चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा कर माकूल जवाब देगी।

### अधिवक्ता के खिलाफ अधेड़ से कुकर्म और गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

**संवाददाता** हरिद्वार। हरिद्वार में अधिवक्ता के खिलाफ अधेड़ से कुकर्म और गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। यह मामला सिडकुल थाना क्षेत्र का है। करीब दो सप्ताह पहले रोशनाबाद कचहरी क्षेत्र की एक पार्किंग में काम करने वाले अधेड़ उम्र के व्यक्ति के साथ कुकर्म और बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया था। तबीयत बिगड़ने पर दो दिन पहले पीड़ित के परिवार ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पीड़ित के भाई ने सिडकुल थाने में अधिवक्ता सेवाराम आजाद निवासी आनेकी हेतमपुर, रोशनाबाद के खिलाफ तहरीर दी।